# विद्यालयों में कराएं गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य

## निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित, समग्र शिक्षा अभियान के तहत कार्यों की पड़ताल, लापरवाही पर होगी कार्रवाई

नवभारत न्यूज

**सागर 2 मई. सागर संभाग के शासकीय स्कूलों की सूरत बदलने और शिक्षा के स्तर को आधुनिक बनाने के लिए किए जा रहे निर्माण कार्यों की अब कड़ी मॉनिटरिंग होगी.**

भोपाल से आए लोक शिक्षण संचालनालय के अपर संचालक डॉ. मनीष वर्मा ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि स्कूलों में होने वाले निर्माण कार्य न केवल समय सीमा में पूरे होने चाहिए, बल्कि उनकी गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा. कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में सागर संभाग के छह जिलों के शिक्षा विभाग के आला अधिकारी शामिल हुए. बैठक में मुख्य रूप से समग्र शिक्षा अभियान और पीएम श्री योजना के अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों और मरम्मत कार्यों की समीक्षा की गई. पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से सत्र 2022-23 से लेकर 2025-26 तक के कार्यों का ब्यौरा दिया. कार्यों की प्रगति दिखाने के लिए अधिकारियों ने साइट के लाइव फोटोग्राफ्स भी प्रस्तुत किए. डॉ. वर्मा ने समीक्षा के दौरान जिला शिक्षा अधिकारियों और सहायक यंत्रियों को कहा कि वे केवल कागजों पर नहीं, बल्कि मैदान पर उतरकर कार्यों की निगरानी करें. उन्होंने निर्देश दिए कि सभी प्रचलित कार्य तय समय के भीतर पूर्ण होने चाहिए, यदि पीआईयू या आरईएस जैसी निर्माण एजेंसियों के स्तर पर कोई समस्या आ रही है, तो अधिकारी व्यक्तिगत संपर्क कर गतिरोध दूर करें. डीईओ, एडीपीसी और उपयंत्री विकासखंड स्तर पर लगातार मॉनिटरिंग रिपोर्ट तैयार करें.



### रास्ते में किया आकस्मिक निरीक्षण

सागर पहुंचने से पहले अपर संचालक डॉ. मनीष वर्मा ने विदिशा जिले के शासकीय हाईस्कूल वन एवं शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल मनौरा का औचक निरीक्षण किया. स्कूलों में आईसीटी लैब की स्थापना और इंटरैक्टिव पैनल के इंस्टॉलेशन का जायजा लिया. कक्षा 10वीं और 12वीं के द्वितीय अवसर' वाले विद्यार्थियों के लिए लगाई जा रही विशेष कक्षाओं का अवलोकन कर छात्रों से चर्चा की. समीक्षा बैठक के बाद अब संभाग के सरकारी स्कूलों में चल रहे निर्माण कार्यों में तेजी आने की उम्मीद है. शासन का मुख्य फोकस पीएम श्री स्कूलों को मॉडल स्कूल के रूप में जल्द से जल्द विकसित करना है.समीक्षा बैठक में संयुक्त संचालक एस.पी. सिंह बिसेन, सागर डीईओ अरविंद जैन, दमोह डीईओ सुनील नेमा, सहायक संचालक एम. कुमार, मनीषा अलेक्जेंडर, आशुतोष गोस्वामी और संभागीय आईटी समन्वयक शुभम तिवारी आदि मौजूद थे.

# परिचय सम्मेलन में युवक-युवतियों ने भाग लिया

नवभारत न्यूज

**सागर 2 मई. गहोई वैश्य समाज द्वारा आयोजित परिचय सम्मेलन में 200 से अधिक युवक-युवतियों ने लिया.**

अध्यक्ष सुरेंद्र सुहाने ने बताया कि 3 मई रविवार को सामूहिक विवाह महायज्ञ आदर्श गार्डन में आयोजित है. प्रचार-प्रसार समिति संयोजक शरद गुप्ता ने बताया कि परिचय सम्मेलन में युवक-युवतियों ने मंच से भावी जीवन साथी चुनने परिचय दिया. समाज ने परिचय देने वाले युवक-युवतियों को सम्मानित किया गया. अध्यक्ष श्री सुहाने ने कहा कि सामूहिक विवाह सम्मेलन 42 साल बाद आयोजित किया गया है. विवाह समिति अध्यक्ष मनोज डेंगरे ने कहा सुबह 10 बजे सामूहिक विवाह कार्यक्रम शुरू हो जाएंगे. वर-वधू के लिए दानदाताओं द्वारा उपहार दिए जाएंगे.



सदस्य निकेश गुप्ता ने राष्ट्रीय अध्यक्ष रामगोपाल छिरोलया का जीवन परिचय दिया, अस्वस्थ होने के कारण श्री छिरोलया समारोह में भाग नहीं ले सकें. मंत्री डा संजीव कठल ने बताया कि परिचय सम्मेलन में देशभर से करीब दो हजार लोगों ने भाग लिया. गहोई वैश्य समाज के संरक्षक नर्मदा प्रसाद ददरया, ओमप्रकाश रूसिया, उपाध्यक्ष डॉ राजेन्द्र चउदा , सचिव डॉ संजीव कठल, कोषाध्यक्ष वीरेन्द्र सुहाने, सह सचिव सचिन सिपोलिया , सदस्य शरद गुप्ता, राजेन्द्र कुरेले, मोहन लाल रूसिया, सुधीर झुड़ेले, आनंद ददरया, रमेश इटोरिया, महेश इटोरिया, प्रद्युम्न छिरोलिया, आशीष ददरया, अटल सरावगी, अनिल चौदहा, मुकेश डेंगरे, आनंद कठल, उपेन्द्र सेठ, विकास गुप्ता, सत्यनारायण डेंगरे, उमाशंकर खरया, वीरेंद्र सुहाने ठेकेदार, प्रदीप गुप्ता , संतोष सुहाने, संजय कठल, गोपाल झुडेले, अवधेश बिलैया , उपेन्द्र सेठ, महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती रश्मि खरया, नवयुवक मंडल अध्यक्ष सर्जिन चंदन सुहाने आदि ने भाग लिया. मंच संचालन अनिल चौदा, आशीष नायक और श्रीमति पूजा रूसिया ने किया.

# भवन की स्थिति का जायजा



नवभारत न्यूज

**सागर 2 मई. बुद्ध पूर्णिमा पर विधायक शैलेंद्र जैन ने गुरु गोविंद सिंह वार्ड स्थित बौद्ध विहार पहुंचकर भगवान बुद्ध की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर श्रद्धापूर्वक नमन किया.**

विधायक श्री जैन ने बौद्ध विहार परिसर का निरीक्षण भी किया और जीर्ण-शीर्ण हो रहे भवन की स्थिति का जायजा लिया. उन्होंने संबंधित विषय पर कार्यवाही के संकेत दिए. इस दौरान श्री जैन ने कहा कि भगवान बुद्ध का करुणा, शांति और अहिंसा का संदेश हम सभी के जीवन को आलोकित करता है. इस अवसर पर सिद्धार्थ बौद्ध, देवेंद्र अहिरवार, गरीबदास जाटव आदि उपस्थित रहे.

### सिद्धोत्सव उत्सव 9 तक

**सागर.** नमकमंडी स्थित गौराबाई दिगंबर जैन मंदिर में 1 मई से 9 मई तक सिद्धोत्सव उत्सव का आयोजन किया जा रहा है. यह उत्सव सिद्धों की आराधना के उद्देश्य से आचार्य श्री समय सागर महाराज के आशीर्वाद एवं निर्यापक मुनि श्री योग सागर महाराज की प्रेरणा से आयोजित हो रहा है. संचालन श्रीमती गीता प्रेमचंद जैन एवं प्रतिभा जैन के परिवार द्वारा किया जा रहा है. विधान के प्रतिष्ठाचार्य बा जयकुमार निशांत हैं. 8 मई को विशेष रूप से 1024 अर्घ चढ़ाए जाएंगे, जो इस आयोजन का प्रमुख आकर्षण रहेगा.

# घर-घर जाकर योग की अलख जगाएंगे

नवभारत न्यूज

**सागर 2 मई. पतंजलि योग समिति एवं आयुष विभाग के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों के अंतर्गत टर्नआउट 50 दिन स्वस्थ, समृद्ध, आत्मनिर्भर भारत निर्माण एवं घर-घर जाएंगे, योग की अलख जगाएंगे.**



कांची ग्रीन हेल्थ वेलनेस सेंटर, में विशेष योग शिविर का आयोजन किया गया. शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. जोगेंद्र सिंह ठाकुर जिला चिकित्सा अधिकारी द्वारा किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता भगत सिंह योगाचार्य ने की. अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम वेलनेस, विजडम एवं वर्ल्ड पीस के महत्व पर प्रकाश डाला गया. योगाचार्य श्री ठाकुर ने बताया कि योग शिक्षक इस लक्ष्य को लेकर संकल्पित हैं और घर-घर जाकर योग की अलख जगाएंगे. शिविर में उपस्थित सभी साधकों को योग प्रोटोकॉल के अनुसार अभ्यास कराया गया. कार्यक्रम में डॉ. रवि मिश्रा, डॉ. आशीष पटेल, डॉ. पारुल सारस्वत, डॉ. माधवी श्रीवास्तव, डॉ. सोनल शाह, डॉ. माधुरी जैन, डॉ. कीर्ति पटेल, डॉ. अनुभा जैन, एस. वाजपेई, दामोदर प्रजापति मौजूद थे.

# कांवड़ियों का किया गया सम्मान



नवभारत न्यूज

**सागर 2 मई. शनि शिगनापुर महाराष्ट्र से काशी विश्वनाथ जा रही कावड़ यात्रा जो काशी विश्वनाथ के जल को लेकर वापस शनि सिगनापुर पहुंचेगी.**

कावड़ यात्रा सनी सिगनापुर से निकलकर ओंकारेश्वर इंदौर उज्जैन होते हुए सागर पहुंची जहां पर पार्षद शैलेश केसरवानी एवं अखिलेश मोनी केसरवानी द्वारा पंडित पुरोहित पुजारी संघ के अध्यक्ष शिव शंकर तिवारी, कथावाचक राजेंद्र कृष्ण शास्त्री के आतिथ्य में कावड़ियों का सम्मान किया. इस अवसर पर विष्णु साहू, अब्बी साहू, प्रमोद व्यास, संतोष सेन, जगन्नाथ दर्नदले मौजूद थे.

# मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा

नवभारत न्यूज

**राहतगढ़ 2 मई.भारतीय प्रजापति हीरोज ऑर्गेनाइजेशन और प्रजापति समाज के तत्वाधान में समाज के होनहारों का उत्साहवर्धन किया जाएगा.**



दक्ष प्रजापति जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में आगामी 11 जुलाई को प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित होना संभावित है. यह लगातार चौथा वर्ष है जब समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं और समाजसेवियों को मंच पर सम्मानित किया जाएगा. विगत दिनों शिवपुरी में आयोजित आदर्श विवाह सम्मेलन के दौरान भारतीय प्रजापति हीरोज ऑर्गेनाइजेशन के जिलाध्यक्ष भगवान सिंह प्रजापति ने केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से मुलाकात की. स्वागत के दौरान श्री सिंधिया को इस आयोजन की जानकारी दी गई, तो उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की. आयोजकों के अनुसार मुख्य अतिथि धर्मवीर प्रजापति कैबिनेट मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार, गोविंद सिंह राजपूत खाद्य मंत्री रहेंगे. जिलाध्यक्ष श्री प्रजापति ने बताया कि समाज के छात्र-छात्राओं का मनोबल बढ़ाना है ताकि वे भविष्य में नई ऊंचाइयों को छू सकें. इस दौरान पूर्व विधायक राजेश प्रजापति, हरज्ञान प्रजापति, संतोष प्रजापति, सहित समाज के वरिष्ठ जन उपस्थित रहे.

# मंदिर में हुई दिन दहाड़े चोरी



नवभारत न्यूज

**रहली 2 मई. सुनारनदी घाट पर स्थित रामेश्वर धाम मंदिर से दिन दहाडे जलेरी पर श्रंगारित पीतल के नागदेवता अज्ञात चोर चोरी कर ले गया.**

मंदिर पुजारी और मोमकर हेमंत राव मलकापुर कर ने बताया कि सुबह 5 बजे से मंदिर के पट खोले जाते हैं लगभग 10 बजे तक वह मंदिर में रहे इसके बाद घर चले गये. तभी कोई अज्ञात चोर शिवलिंग जलेरी पर रखे हुए पीतल के नाग देवता बजानी लगभग 4 किलो अज्ञात चोर चुरा ले गये. थाना में रिपोर्ट दर्ज करने गए थे. पुलिस ने लिखित में आवेदन मांगा जो दे दिया गया है.

# राम के चरित्र को अपनाना ही सच्ची भक्ति : सिंह

नवभारत न्यूज

**खुरई 2 मई. युवा नेता अविराज सिंह ने कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन हमें यह शिक्षा देता है कि सत्य के मार्ग पर चलने वाला व्यक्ति अकेला होकर भी अधर्म की विशाल शक्तियों को परास्त कर सकता है.**

उन्होंने कहा कि राम केवल एक देवता नहीं, बल्कि सच्चे लोकनायक हैं, जो अपनी प्रजा के दुख में दुखी और सुख में हर्षित होते हैं. उन्होंने कहा कि रामराज्य किसी भौतिक संरचना का नाम नहीं, बल्कि सत्य, न्याय और करुणा जैसे मूल्यों पर आधारित व्यवस्था का प्रतीक है.



श्री सिंह ने कहा कि चरित्र का वास्तविक निर्माण कठिन परिस्थितियों में होता है और भगवान श्रीराम का व्यक्तित्व राजमहल में नहीं, बल्कि 14 वर्ष के वनवास के दौरान निखरकर सामने आया. जीवन में सफलता पाने के लिए केवल क्षमता ही नहीं, बल्कि मजबूत चरित्र भी आवश्यक है, क्योंकि चरित्र ही व्यक्ति को ऊँचाइयों पर बनाए रखता है. लोगों को भगवान राम के चित्र की पूजा तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि उनके आदर्शों और चरित्र को अपने जीवन में उतारना चाहिए .मनुष्य योजनाएँ बनाता है, लेकिन नियति अपना मार्ग स्वयं तय करती है और भगवान राम का वनवास इसी नियति का परिणाम था, जिसने उन्हें मर्यादा पुरुषोत्तम के रूप में स्थापित किया.



# जिला बदर आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**सागर 2 मई. कैंट थाना पुलिस ने जिला बदर के आदेश का उल्लंघन कर अवैध गतिविधियों की योजना बना रहे अक्कू उर्फ आकाश जाटव को गिरफ्तार किया है.**

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सीएसपी ललित कुमार कश्यप को सूचना प्राप्त हो रही थी कि जिला बदर आरोपी अक्कू जाटव निवासी 14 मुहल्ला सदर बाजार, थाना केंट, पुन: शहर में आकर न केवल जिला बदर आदेश का उल्लंघन कर रहा है, बल्कि अवैध गतिविधियों को अंजाम देने की फिराक में भी है. सीएसपी श्री कश्यप द्वारा आरोपी की पतारसी के लिए प्रभावी रणनीति बनाई गई.

इस दौरान कैंट थाना पुलिस टीम द्वारा 14 मुहाल सदर बाजार क्षेत्र में दबिश दी गई एवं आरोपी को घेराबंदी कर पकड़ लिया गया. जांच के दौरान यह स्पष्ट हुआ कि आरोपी को पूर्व में जिला दंडाधिकारी द्वारा जिला बदर किया गया था, बावजूद इसके वह आदेश की अवहेलना करते हुए शहर में घूमता पाया गया.

### कुशवाहा को अध्यक्ष बनने पर दी गई बधाई

**राहतगढ.** भाजपा वरिष्ठ नेता, पूर्व प्रदेश मंत्री प्रभुदयाल कुशवाहा



को मध्यप्रदेश कुश समाज कल्याण बोर्ड का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है. उनकी नियुक्ति पर उनके शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई प्रेषित की है. उन्होने आशा व्यक्त की कि श्री कुशवाहा के नेतृत्व में पार्टी संगठित होकर सबका साथ,सबका विकास में मजबूती प्रदान करेंगे. बधाई देने वालों में पूर्व जिला उपाध्यक्ष रामेश्वर नामदेव, उमेश सिंह केवलारी, जिला प्रभारी भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा सलीम रंगरेज, एल्डरमेन सोनू सोनी, अनुराग चौरसिया, सरपंच वीरेंद्र कुशवाहा, सोहन कुशवाहा, कैलाश कुशवाहा शामिल हैं.

# शहर में चरमराई यातायात व्यवस्था और बढ़ते अपराधों के खिलाफ युवा कांग्रेस का हल्ला बोल

नवभारत न्यूज

**सागर 2 मई. शहर की बदहाल यातायात व्यवस्था और लगातार बढ़ते अपराधों को लेकर युवा कांग्रेस ने प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया.**



युवा कांग्रेस अध्यक्ष सागर साहू के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने एसपी कार्यालय पहुंचकर मांग पत्र सौंपा. ज्ञापन का वाचन पूर्व शहर अध्यक्ष युवा कांग्रेस जितेंद्र चौधरी ने किया. युवा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल चौबे ने मांगें रखीं कि शहर के बंद पड़े ट्रैफिक सिग्नलों को तत्काल चालू किया जाए तथा नए साइन बोर्ड व जेब्रा क्रॉसिंग बनाई जाए. अपराधियों पर नकेल कसने के लिए पुलिस कार्रवाई सुनिश्चित करे.श्री साहू ने कहा यदि सात दिनों के भीतर इन बुनियादी समस्याओं का निराकरण नहीं किया गया, तो युवा कांग्रेस चरणबद्ध उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी. इस दौरान शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेश जाटव ने भी संबोधित किया. इस अवसर पर बब्बू यादव, संदीप चौधरी, शैलेन्द्र तोमर, अबधेश तोमर, ऋषभ जैन, शिवशंकर यादव, ताहिर खान, रिचा सिंह, चमन अंसारी, वसीम खान, निखिल चौकसे, नरेंद्र मिश्रा, वीरेंद्र राजे, आनंद हैला, किरणलता सोनी, रेखा सोनी, अर्चना कन्नौजिया, चक्रेश रोहित, रोहित मांडले, कार्तिकेय रोहण, पवन जाटव, पवन पटेल, महेश अहिरवार, रवि सोनी, अनिल दक्ष, फिरदोश कुरैशी, सौरभ खटीक, अतीव खान, भूरे खटीक, सत्यम चौधरी, राहुल खटीक, शहबाज कुरैशी, लकी अली, सिकंदर राईन, अरुण साहू, बंटी कोरी, तरुण कोरी, राजपाल जाटव, शुभम सोनी, संजय सराफ, मिथुन खटीक, नीरज चौरसिया मौजूद थे.



# सेमेस्टर टॉपर्स सम्मान समारोह

नवभारत न्यूज

**सागर 2 मई. बीटीआईआरटी में में 5वें एवं 7वें सेमेस्टर के मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान हेतु सेमेस्टर टॉपर्स सम्मान समारोह का आयोजन हुआ.**

मुख्य अतिथि बीटी ग्रुप के चेयरमैन संतोष जैन घड़ी रहे. बीटी ग्रुप सचिव डॉ सत्येंद्र जैन एवं ग्रुप डायरेक्टर संदीप जैन विशिष्ट अतिथि मौजूद रहे. संस्था के प्राचार्य डॉ. वीरेश कुमार फुसकेले ने स्वागत उद्बोधन दिया. सचिव डॉ. सत्येन्द्र जैन ने कहा कि अनुशासन, परिश्रम एवं लक्ष्य के प्रति समर्पण ही सफलता की कुंजी है. आगामी वर्ष भी सफलता को दोहराने का प्रयास करें.

बीटी ग्रुप के रजिस्ट्रार डॉ. तरुण सिंह ने विद्यार्थियों को तकनीकी शिक्षा के महत्व एवं उज्ज्वल भविष्य के अवसरों के बारे में मार्गदर्शन दिया गया.

इस अवसर पर संतोष जैन घड़ी ने घोषणा की कि भविष्य में बीटीआईआरटी के जो छात्र आरजीपीवी विश्वविद्यालय की मेरिट सूची में टॉप 10 रैंक प्राप्त करेंगे, उन्हें बाबूलाल ताराबाई अवार्ड प्रदान किया जाएगा. समारोह का संचालन महिमा जैन द्वारा किया गया.

# घेराबंदी कर पकड़ी अवैध शराब से भरी कार

नवभारत न्यूज

**बीना 2 मई. अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बीना पुलिस ने न केवल भारी मात्रा में अवैध शराब की खेप पकड़ी, बल्कि तस्करी में इस्तेमाल की जा रही मारुति स्विफ्ट कार को जब्त कर आरोपी को सलाखों के पीछे भेज दिया है.**



एसडीओपी बीना अजय कुमार सनकत के नेतृत्व में कार्रवाई की गई. जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि खिमलासा बायपास रोड से एक सफेद रंग की मारुति स्विफ्ट कार अवैध शराब लेकर बीना की ओर आ रही है. सूचना मिलते ही पुलिस की विशेष टीम ने तत्काल घेराबंदी की. पुलिस ने जब उसे रोकने का संकेत दिया, तो चालक ने गाड़ी रोकने के बजाय तेजी से भागने का प्रयास किया. पुलिस टीम ने पीछा किया कस्बा बीना स्थित रेलवे अंडर ब्रिज के पास साईं धाम कॉलोनी में वाहन को चारों तरफ से घेरकर रोक लिया. पुलिस ने जब वाहन की तलाशी ली, तो उसमें 600 पाव अवैध शराब भरी हुई मिली. कार चला रहे युवक ने अपनी पहचान रंजीत अहिरवार निवासी सागर नाका खुरई के रूप में दी. कुल 3,60,000 रुपये का मशरूका मौके पर जब्त किया गया.

# कमर्शियल सिलेंडर हुआ महंगा

नवभारत न्यूज

**ललितपुर 2 मई. होटल, ढाबा और खान-पान की दुकानों पर अब महंगाई की मार पड़ने वाली है. तेल कंपनियों द्वारा कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम में की गई एकमुश्त भारी बढ़ोत्तरी के बाद दुकानदारों ने हाथ खड़े कर दिए हैं.**

दुकानदारों का कहना है कि लागत इतनी बढ़ गई है कि अब चाय, समोसा और खाने की थाली के दाम बढ़ाना उनकी मजबूरी है. पिछले तीन महीनों में यह तीसरी बड़ी वृद्धि है, जिसने मध्यम और निम्न वर्ग के बजट को पूरी तरह बिगाड़ दिया है. भोजनालय के मालिक संजीव ने बताया कि रोज 8 सिलेंडर की खपत है. सिलेंडर इतना महंगा होगा तो ग्राहक नाराज होंगे, लेकिन हम नुकसान सहकर दुकान नहीं चला सकते. चाय-समोसा दुकानदार कल्लु कुशवाहा का कहना है कि दूध और तेल पहले से ही महंगा है, अब गैस ने कमर तोड़ दी है. चाय 5 की जगह 10 और समोसा 10 की जगह 15 रुपये का करना ही पड़ेगा. जिला पूर्ति अधिकारी का कहना हैगैस के दाम तेल कंपनियां तय करती हैं. प्रशासन बाजार के रेट पर नजर रख रहा है. यदि अनुचित तरीके से कालाबाजारी करता पाया गया तो सख्त कार्रवाई की जाएगी.

# एचएलबी के प्रगणकों को ऐप डाउनलोड कराया

नवभारत न्यूज

**सागर 2 मई. मोतीनगर चौराहा स्थित महाकवि पदमाकर सभागार में नगर निगम अंतर्गत 438 एचएलबी के प्रगणकों को एचएलओ ऐप डाउनलोड कराकर जनगणना महाभियान प्रारंभ कराया गया.**



निगमायुक्त एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी राजकुमार खत्री ने कहा कि जनगणना महाभियान शुरू हो गया है. आप सभी अपने-अपने सौंपे गए कार्यों को पूरी सजगता से समय पर पूरा करें. उन्होंने कहा की जो भी दायित्ववान अधिकारी कर्मचारी अनुपस्थित हैं उन्हें नोटिस जारी करें. उन्होंने कहा कि प्रगकणों के द्वारा मकान गणना का कार्य बेहद संवेदनशील और महत्वपूर्ण है इसे पूरी जिम्मेदारी के साथ पूरा करें. उन्होंन कहा कि दिये गए समय में सागर में प्रत्येक प्रगणक को लगभग 200 घरों की जानकारी डोर टू डोर जाकर जुटाना और आनलाइन ऐप पर तत्काल फीड करना है. श्री खत्री ने अधिकारियों, सुपरवाईजर और प्रगणकों सहित अधिकारी, शिक्षक, कर्मचारियों को जानकारी देते हुए कहा कि स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत राष्ट्रीय स्वच्छता प्रतिस्पर्धा स्वच्छ सर्वेक्षण का सर्वे कार्य प्रारंभ हो चुका है सिटीजन फीडबैक लिंक के माध्यम से ऑनलाइन लिए जा रहे हैं.